तापमान
अधिकतम 40 .5 डिग्री
न्यूनतम 15 .4 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार 16 अप्रैल 2026

12 मंडी में बायोमेट्रिक सिस्टम ठप होने पर ...



12 एजेंसियों द्वारा 1 लाख 14 हजार 722 मिट्रिक टन ..



## खबर संक्षेप

### लापता युवक का शव अंबाला में नहर से मिला

**कुरुक्षेत्र।** इस्माईलाबाद एरिया से लापता हुए युवक का शव पांच दिन बरामद हुआ। युवक का शव अंबाला के जनसुई हेड के पास से नरवाना ब्रांच नहर से मिला। परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। 10 अप्रैल को उसने आखिरी बार अपने घर फोन किया था। मृतक की पहचान खेड़ी शहीदां गांव के 26 वर्षीय सागर कुमार के रूप में हुई। सागर रिक्शा रेहड़ी (बाइक वाली) चलाता था, सागर की शादी नहीं हुई थी। हालांकि उसका छोटा भाई शादीशुदा है। सागर 10 अप्रैल को अपने घर से लापता हुआ था, जिसकी गुमशुदगी परिवार ने इस्माइलाबाद पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाई थी। उसके भाई को थोड़ी दिमागी परेशानी थी।

### कुंटिया की वार्षिक आम सभा की बैठक 29 को

**कुरुक्षेत्र।** कुंटिया के प्रेस सचिव जगदीप सिंह ने बताया कि कुंटिया कार्यकारिणी की बैठक प्रधान राजवंत कौर की अध्यक्षता में कुंटिया कार्यालय में संपन्न हुई। कुंटिया महासचिव रविन्द्र तोमर ने बताया की आज की बैठक में कुंटिया कार्यकारिणी द्वारा आगमी कुंटिया चुनाव को लेकर विचार-विमर्श किया गया और सर्वसम्मति से पारित किया गया कि कुंटिया की वार्षिक आम सभा की बैठक 29 अप्रैल 2026 दिन बुधवार को की जाएगी जिसमें कुंटिया द्वारा पूरे वर्ष का लेखा-जोखा रखा जायेगा और कुंटिया चुनाव का नया शैडूयल आम सभा की सहमति से जारी किया जायेगा।

### युवकों ने दुकान में घुसकर किया हमला

**यमुनानगर।** गांव मांडखेड़ी की टपरिया रोड स्थित दुकान में घुसकर दर्जन पर युवकों ने रंजिश के चलते दो दोस्तों पर डंडों में विंडो से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। दोनों घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दो आरोपी युवकों को नामजद करते हुए करीब दर्जन पर अन्य युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** जिला पुलिस ने चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया हुआ है। अभियान के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुर्गा कॉलोनी कालाअंब में स्थित घर से नकदी व अन्य सामान चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को काबू किया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को काबू कर उनसे चोरीशुदा सामान व 10 हजार रूपए नकदी व वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की है। आरोपियों की पहचान रिहान व बलजीत के रूप में हुई है।

### अंबालाः धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने जमीन दिलवाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान जितेंद्र के रूप में हुई है। आरोपी को अनाज मंडी रादौर से काबू किया गया। शिकायतकर्ता प्रदीप कुमारने 28 अप्रैल 2024 को शिकायत दर्ज कराई थी। कि 1 मई 2023 से 14 मार्च 2024 के बीच आरोपी जितेंद्र कुमार, छत्रपाल और उनके अन्य साथियों ने झांसा देकर उनसे लाखों रुपये की धोखाधड़ी की थी।

### महिला से 55 लाख की ठगी, 3 आरोपियों पर केस

**अंबाला।** वाटिका सिटी सेंट्रल की अमरजीत कौर से प्लॉट दिलाने के नाम पर 55 लाख की ठगी की गई। पुलिस ने इस संबंध में तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपियों में संदीप, सुखविंद्र सिंह वालिया और परमजीत सिंह शामिल हैं।

यूनियनों के नाम पर परेशान करने का लगाया आरोप, बैठक में लिया फैसला

# थानेसर अनाज मंडी में आढ़तियों की हड़ताल, तोल बंद होने से किसान परेशान

**मंडी में गेहूं की आवक के बीच तोलाई-भराई ठप, ट्रैक्टरों की लंबी कतारें**

**विरोध में एकजुट हुए व्यापारी, समस्या के समाधान तक हड़ताल जारी रखेंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

प्रदेशभर की अनाज मंडियों में गेहूं की आवक जोरों पर हैं। किसान खेतों से अपनी गेहूं बेचने के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में धर्मनगरी कुरुक्षेत्र की नई अनाज मंडी में आढ़तियों ने हड़ताल कर दी है। थानेसर की नई अनाज मंडी में बाद दोपहर गेहूं की तोलाई-भराई बंद कर दी गई है। आढ़तियों ने नई अनाज मंडी की धर्मशाला में बैठक कर किसान यूनियनों के नाम पर परेशान करने के विरोध में ये निर्णय लेने की बात कही है। ऐसे में मंडी में गेहूं की तेज आवक के बीच आढ़तियों की हड़ताल किसानों पर भारी पड़ सकती है। आढ़तियों ने कहा कि व्यापारी सरकार को टैक्स देकर पक्का बिल लेकर अपना काम कर रहा है, इसके बावजूद उन्हें परेशान किया जा रहा है। बैठक में आढ़तियों ने विरोध जताते हुए सर्वसम्मति से हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है।

इसके बाद वहीं से मजदूरों को संदेश भेजकर पूरी मंडी में तोलाई और भराई का काम रुकवा दिया। तोल बंद होने पर मंडी के गेट पर गेहूं से भरे ट्रेक्टरों की लाइनें लग गई। किसान गर्मी में घंटों लाइन में खड़े रहे। वही व्यापारियों की बैठक में पूर्व प्रधान अंग्रेज सिंह ने कहा कि किसान यूनियन के नाम पर कोई भी आकर उनकी दुकान पर तोल और कागजातों की जांच नहीं कर सकता। यह मार्केट कमेटी के अधिकारियों का काम है। उन्हें शिकायत दें और अधिकारी नियमानुसार चेकिंग करे।



**कुरुक्षेत्र।** बैठक के बाद जानकारी देते आढ़ती। फोटो : हरिभूमि

### यूनियन के नाम पर धक्का शाही से सभी आढ़ती परेशान

अगर किसान यूनियन के नाम पर किसी भी दुकान पर कोई नाजायज परेशान करे तो आढ़ती इसकी सूचना तुरंत आढ़ती एसोसिएशन को दे और सभी आढ़ती एकजुट होकर इसका विरोध करें। इसके बाद संयुक्त बयान में आढ़ती एसोसिएशनों के दोनों प्रधान दयाल चंद और सुशील काका ने कहा कि यूनियन के नाम पर धक्का शाही से सभी आढ़ती परेशान हैं। इसके विरोध में उन्होंने हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। इस अवसर पर आढ़ती हरविंद्र बंसल, शशि कांत जैन, जगतार काजल, सोम सचदेवा, नवीन व राजबीर पिंडारसी मौजूद रहे।

# समालखा मंडी में आढ़तियों ने गेट पर ताले लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

समालखा की नई अनाज मंडी में बुधवार को आढ़तियों ने अपनी मांगों को लेकर मंडी के दोनों गेटों पर ताला लगा दिया। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। मंडी गेट बंद होने से बाहर ट्रैक्टर-ट्रालियों की लंबी कतारें लग गईं। वहीं, आढ़ती एसोसिएशन के जिला प्रधान धर्मबीर मलिक ने बताया कि, फसल का उठान न होने, बारदाने की कमी और गेहूं खरीद प्रक्रिया ठप होने के कारण आढ़ती परेशान हैं। मंडी के एंट्री गेट बंद होने से मंडी परिसर के बाहर ट्रैक्टर-ट्रालियों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। इधर, समालखा अनाज मंडी आढती एसोसिएशन के प्रधान बलजीत सिंह ने बताया कि मंडी में खरीद नहीं हो रही है, बारदाने की भारी कमी है और उठान न होने से अनाज रखने की जगह नहीं बची है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आज खरीद शुरू नहीं हुई तो कल फिर ताला बंदी की जाएगी। उन्होंने मौसम खराब होने की आशंका जताते हुए कहा कि सारा अनाज बाहर पड़ा है और बारिश आने पर उसे रखने की जगह नहीं है। दूसरी ओर, एसडीएम अमित कुमार मंडी पहुंचे और उन्होंने आढ़तियों से बातचीत में आश्वासन दिया कि 12 अप्रैल तक जिन किसानों के गेट पास कटे हैं, उनकी खरीद आज ही की जाएगी।



**समालखा।** अनाज मंडी के गेट पर ताले लगाते हुए आढ़ती। फोटो : हरिभूमि

# नशा तस्कर को 20 साल की सजा, दो लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ सख्ती दिखाते हुए असिस्टेंट सेशन जज कम फास्ट ट्रेक कोर्ट (एनडीपीएस) के जज योगेश चौधरी की अदालत ने एक अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने 115 किलोग्राम गांजा के साथ पकड़े गए आरोपी गौरव पुत्र बृजमोहन निवासी वधवाराम कॉलोनी, पानीपत को दोषी करार देते हुए 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।इसके साथ ही अदालत ने आरोपी पर दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में उसे दो साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।मामले की जानकारी के अनुसार थाना किला पुलिस ने वर्ष 2018 में आरोपी गौरव को भारी मात्रा में गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। इसके बाद उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया और मामला अदालत में विचाराधीन रहा।सुनवाई के दौरान अदालत ने गवाहों के बयान, पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और सरकारी वकील कुलदीप ढुल की प्रभावी पैरवी को ध्यान में रखते हुए आरोपी को दोषी पाया। अदालत ने अपने फैसले में स्पष्ट कहा कि नशा तस्करी समाज के लिए गंभीर खतरा है और ऐसे अपराधों पर कड़ी सजा आवश्यक है।इस फैसले को नशा तस्करी के खिलाफ एक सख्त संदेश माना जा रहा है, जिससे इस तरह के अपराधों पर अंकुश लगाने में मदद मिल सकती है।



115 किलो गांजा के साथ पकड़े गए आरोपी को कोर्ट ने ठहराया दोषी

# खाटू श्याम से लौट रहे श्रद्धालुओं में मारपीट

- घायल युवक को पंचकूला के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया

**शहजादपुर।** खाटू श्याम की यात्रा से लौट रहे श्रद्धालुओं के बीच मारपीट हो गई। गोगा मेड़ी के पास एक युवक ने अपने ही साथी पर तेजधार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक को पंचकूला के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को दिए बयान में नारायणगढ़ के अमनदीप सिंह (23) ने बताया कि वह कार सेल-परचेज का काम करते हैं। उनका दोस्त अंशुल 13 अप्रैल की सुबह खाटू श्याम से बस से वापस शहजादपुर आ रहा था। रास्ते में बस के भीतर अंशुल का कुशांत नामक युवक के साथ विवाद हो गया। अंशुल ने फोन कर अमनदीप को मौके पर बुलाया ताकि कुशांत को शांत किया जा सके। अमनदीप सुबह करीब 5:30 बजे गोगा मेड़ी पहुंचा। जब उसने और अंशुल ने कुशांत को लड़ाई खत्म करने की बात कही तो आरोपी गाली-गलौज पर उतर आया। आरोप है कि जब अमनदीप वहां से जाने लगा तो कुशांत ने तेजधार वस्तु से कोहनी पर वार कर दिया।

# श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी रोकने को सख्त कानून बनेः झीडा

- जगदीश सिंह झीडा ने गृहमंत्री अमित शाह और सीएम नायब सिंह सैनी को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

दस गुरु साहिबान की ज्योत धन धन श्रीगुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की बेअदबी पर अंकुश लगाने के लिए हरियाणा प्रदेश और केंद्र में सख्त कानून बनाने की मांग हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार जगदीश सिंह झीडा ने उठाई है। उन्होंने भारत सरकार और हरियाणा सरकार से इस संबंध में कड़ा कानून पारित करने की मांग की है।

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की इस मांग को लेकर उन्होंने देश के गृहमंत्री अमित शाह और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने पंजाब विधानसभा में पास किए गए बिल का हवाला देकर हरियाणा सरकार और केंद्र सरकार से बिल पारित करने की मांग की है। जगदीश सिंह झीडा ने कहा कि धन धन साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के खिलाफ सख्त कानून की मांग लंबे समय से की जा रही है। इसे गंभीरता से लेते हुए हरियाणा सरकार और केंद्र सरकार को इस सम्बन्ध में कानून बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज की बेअदबी की घटनाओं को लेकर सिख कौम को आघात पहुंचता है और अलग अलग राज्यों में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी बेअदबी की घटनाएं अनेक बार हो चुकी है, जिनके विरोध में सिखों ने रोष प्रदर्शन भी किए हैं।



बेअदबी की घटनाओं को लेकर सिख कौम को पहुंचता आघात

# महिला से दुष्कर्म करने का आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

गांधी नगर थाना पुलिस ने महिला को बहला फुसला कर अपने साथ ले जाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है। जानकारी के अनुसार गांधी नगर थाना प्रभारी जगबीर सिंह ने बताया कि पुलिस को दी शिकायत में युवक ने बताया था कि 24 अगस्त 2025 को उसकी पत्नी तीन माह के बच्चे के साथ लापता हो गई थी। काफी तलाश करने पर भी उनका कोई पता नहीं लगा। जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। इस केस में तफ्तीश शुरू की गई तो पता लगा कि महिला को उत्तर प्रदेश के जिला शामली के एक कस्बा निवासी हर्ष सैनी अपने साथ बहलाकर ले गया है। आरोपी उसके कस्बे का ही रहने वाला है। इनकी तलाश की गई। महिला को बरामद किया गया। उसके कोर्ट में बयान कराए तो महिला ने बताया कि आरोपी हर्ष ने उसके साथ गलत काम किया है। जिसके बाद इस मामले में दुष्कर्म की धारा इजाद की गई। तभी से आरोपी की तलाश की जा रही थी। थाना प्रभारी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि आरोपी हर्ष जिला करनाल के घरौंडा में मौजूद है। सूचना मिलते ही टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को घरौंडा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया



**यमुनानगर।** गांधी नगर पुलिस टीम द्वारा पकड़ा गया दुष्कर्म का आरोपी युवक।

यमुनानगर में पड़ोसियों के घर पर गंभीर हालत में पड़ा मिला युवक, बोलने की स्थिति में नहीं

# तेजधार हथियार से युवक पर हमला गर्दन पर लगे छह टांके

- हमला किसने और क्यों किया पता नहीं चल सका, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

गांव रायपुर में एक युवक की गर्दन पर तेजधार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। वारदात के बाद युवक अपने ही पड़ोसियों के घर खून से लथपथ हालत में मिला। जिसे तुरंत सिविल अस्पताल यमुनानगर ले जाया गया। घाव गहरा होने के कारण डॉक्टरों ने उसकी गर्दन पर छह टांके लगाए। घायल युवक फिलहाल कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं है। जिसके चलते यह पता नहीं चल पाया है कि हमला किसने और क्यों किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

गांव रायपुर निवासी आरिफ ने बताया कि उसका चचेरा भाई 22 वर्षीय शमशाद जेसीबी चलाने का काम करता है। गत मंगलवार सुबह शमशाद काम पर गया था लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटा। रात करीब आठ बजे उनके पड़ोसी घबराते हुए उनके पास पहुंचे और बताया कि शमशाद खून से लथपथ उनके आंगन में पड़ा हुआ है। आरिफ ने बताया कि जिस घर में शमशाद मिला है। वह उसकी बुआ का है लेकिन फिलहाल वहां किराएदार रह रहे हैं। उन्होंने देखा कि शमशाद की गर्दन से काफी खून बह रहा था। वह उसे तुरंत सिविल अस्पताल यमुनानगर लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसकी गर्दन पर छह टांके लगाए। आरिफ ने बताया कि फिलहाल शमशाद बयान देने की स्थिति में नहीं है। जिसके कारण हमले के कारणों का पता नहीं चल पाया है। इस बारे पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी।

स्वर्णजीत सिंह सवी ने मुख्य अतिथि के रूप में साझा कीं अपनी कविताएं

*डॉ. रमेश कुमार की पुस्तक पर विद्वानों ने किया गहन विमर्श*

# मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में 'ताई मोरनी' का विमोचन, साहित्यिक संगोष्ठी में जुटे विद्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा के प्रख्यात साहित्यकार, पंजाबी कवि एवं लेखक डॉ. रमेश कुमार की गद्य पुस्तक (ताई मोरनी) के विमोचन के लिए मुकंद लाल नेशनल कॉलेज में एक भव्य साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पंजाब कला परिषद के अध्यक्ष एवं जाने माने कवि और चित्रकार स्वर्णजीत सिंह सवी ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। वहीं, पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के डॉ. प्रवीण कुमार, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र के पंजाबी विभाग के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह और गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुना नगर के स्नातकोत्तर पंजाबी विभाग के प्रमुख डॉ. तिलक राज ने इस किताब पर जीवंत चर्चा की। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुकंद लाल नेशनल कॉलेज के हिंदी विभाग के पूर्व प्रमुख डॉ. बी. मदन मोहन ने किया।

मुख्यातिथि स्वर्णजीत सिंह सवी ने पाठकों को ताई मोरनी पुस्तक के निबंधों में वर्णित पात्रों के सार्थक और सकारात्मक संबंधों से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। एक कवि होने के नाते स्वर्णजीत सवी ने अपनी नई पुस्तक नाच की कुछ कविताएं भी श्रोताओं के साथ साझा कीं। मौके पर मुकंदलाल नेशनल कालेज के हिंदी विभाग के पूर्व प्रमुख डॉ. बी.मदन मोहन ने कहा कि लेखक अपने मानस पटल पर महफूज यादों को अपनी रचनाओं के रूप में पेश करके समाज को नई दिशा प्रदान करता है। उन्होंने इस नई पुस्तक ताई मोरनी के महत्व को समझाया और मुख्य अतिथि तथा उपस्थित मेहमानों के हाथों किताब का विमोचन करवाया। मौके पर प्रसिद्ध लेखक डॉ. रमेश कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत और धन्यवाद किया। यह पुस्तक उन धुंधली परछाईयों वाले वरिष्ट लोगों के नाम है। जिनके पदि्चन्हों पर चलते हुए जीवन के वास्तविक अर्थो को समझा है। मुख्यातिथि स्वर्णजीत सवी को अपना घनिष्ठ मित्र बताया और साहित्य तथा चित्रकला के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों को दर्शकों के साथ सांझा किया।



**यमुनानगर।** मुकंदलाल नेशनल कालेज में आयोजित कार्यक्रम में लेखक एवं साहित्यकार डॉ . रमेश कुमार की किताब ताई मोरनी का विमोचन करते विद्वान।

### किताब मानवीय मूल्यों का दस्तावेज बताया

डॉ. प्रवीण कुमार और डॉ. कुलदीप सिंह का अत्यंत प्रबुद्ध समीक्षकों के रूप में स्वागत किया। किताब पर चर्चा करते हुए डॉ. प्रवीण कुमार ने इस किताब को मानवीय मूल्यों का एक अद्भुत साहित्यिक दस्तावेज बताया और किताब के माध्यम से डॉ. रमेश कुमार के नारीवादी दृष्टिकोण को समझाने का प्रयास किया। डॉ. कुलदीप सिंह ने स्वर्णजीत सवाई की कविता संग्रह नाच दी कविता पर चर्चा की और साथ ही डॉ. रमेश कुमार की किताब ताई मोरनी पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने इस किताब को लेखक के बचपन से लेकर वर्तमान तक की यात्रा बताया और समाज में उन मूल्यों को पुनः स्थापित करने की बात कही। पंजाबी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. निर्मल सिंह ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया।

# जेल लोक अदालत में पांच बंदियों को मिली रिहाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने लोक अदालत में रखे गए चार मामलों का निपटारा किया और पांच बंदियों को आवश्यक शर्तों पर रिहा किया। इसके पश्चात उन्होंने प्लेस ऑफ सेफ्टी और एमडीडी बाल भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां रह रहे जुवेनाइल्स और बच्चों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया गया। डॉ. इरम हसन ने जुवेनाइल्स से बातचीत कर उन्हें उनके अधिकारों और मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### बाबा साहेब ने देश को एकता के सूत्र में पिरोया

**यमुनानगर।** कस्बा के गांव खुर्दी में भारत रत्न डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में डॉ. निर्मल सिंह व अनू बेनिवाल मुख्य रूप से मौजूद रहे। मुख्य वक्ता सुनील कुमार गोला ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मौजूद सभी सदस्यों द्वारा डॉ. भीम राव अंबेडकर को याद कर उन्हें नमन किया। वक्ता सुनील बताया कि बाबा साहब ने अपने संघर्ष भरे जीवन में समाज के प्रति अपना अमूल्य योगदान दिया था। कार्यक्रम में मौजूद डॉ. निर्मल ने कहा कि बाबा साहब एक महान व्यक्ति थे। उन्होंने संविधान का निर्माण किया था। आज हम उन्हीं की बदौलत खुली हवा में सांस ले रहे हैं। डॉ. भीम राव अंबेडकर ने संविधान निर्माण कर देश को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया है। मौके पर मौजूद मुख्य वक्ता सुनील ने बताया कि डॉ. भीम राव अंबेडकर ने युवाओं को आगे बढ़ने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर हरि राम, रविकांत , निर्मल सिंह, हरिदास, सुरजीत, जरनैल सिंह, आदि मौजूद रहे।

### कभी गेहूं में नमी, कभी शौचालय तो कभी पानी की किल्लत से बढ़ी परेशानी

# मंडी पहुंचे किसान तो बंद मिला गेट पास पोर्टल फूटा गुस्सा, लगाया जाम, जमकर की नारेबाजी

- गुस्साए किसानों से मिलने पहुंचे अधिकारी, आवश्वासन मिलने के बाद किसानों ने खोला जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



रादौर। गेट पास न काटे जाने पर जाम लगाते किसान। फोटो : हरिभूमि

जिला की मंडियों में गेहूं की आवक आए दिन बढ़ती जा रही है। इसी को लेकर मंडियों में किसानों को भी आए दिन किसी न किसी मुसीबत से हाथ मिलाना पड़ रहा है। कहीं किसान गेहूं में नमी को लेकर परेशान है, तो कहीं पानी की समस्या तो कहीं शौचालय की समस्या को लेकर। बुधवार को कस्बा रादौर की अनाज में गेट पास पोर्टल बंद पड़ा रहा। जिसको लेकर किसानों में रोष दिखा। किसानों ने एसके रोड पर ट्रैक्टर-ट्रालियां खड़ी कर जाम लगा दिया और नारेबाजी कर अपना रोष प्रकट किया। लगभग 1 घंटा लगे जाम से सड़क के दोनो ओर वाहनों की लंबी लंबी लाइने लग गई। वाहन चालक अपने गणतव्य तक पहुंचे के लिए आसपास के लिंक रोड का रूख करने लगे। मौके पर मौजूद संदीप टोपरा ने बताया कि प्रशासन ने बिना तैयारी किए ऑनलाइन प्रद्धति लागू कर दी है। जिसका खामियाजा किसान भुगत रहे है। किसान सुबह से भूखा-प्यासा अपनी फसल को बेचने के लिए मंडी में पहुंच जाते है, उसके बाद किसान मजबूरन सरकार के ऑनलाइन गेट पास कटने की बाट देख रहे है। परंतु अनाजमंडी कर्मचारी गेट पास साइट स्लो होने या बंद होने की बात कहकर अपना पल्ला झाड लेते हैं।

संदीप ने बताया कि पहले तो किसान-सारा दिन अपने खेतों में धूप में भूखा प्यासा अपनी फसलों की कटवाई करवाता है और जब वह मंडी में अपनी फसल को लेकर आता है तो उसे वहां भी पोर्टल बंद होने की वजह से पूरा दिन बैठना पड़ता है। किसान भूखा-प्यासा अपनी फसल को बेचने के लिए गेट पास मिलने का इंतजार करता रहता है। मौके पर प्रशासन की ओर से तहसीलदार रादौर अशोक कुमार, मार्केट कमेटी सचिव राजीव चोपड़ा किसानों को समझाने पहुंचे। ऑफलाइन गेट पास काटे जाने व किसानों को इंतजार न करने की बात पर तहसीलदार के आश्वासन के बाद किसानों ने जाम खोल दिया। संदीप टोपरा ने कहा कि अफसरशाही सरकार की व्यवस्था की धज्जियां उडाने पर आतुर है। अधिकारी उनके फोन तक नहीं उठाते, किसान यदि अधिकारियों को अपनी समस्याएं नहीं बतायेंगे तो किसे बतायेंगे। अधिकारी ही सरकार व किसान के बीच कड़ी का काम करते है।

## मौसम का मिजाज बदला, गेहूं की आवक बढ़ी

- जिले की 13 अनाज मंडियों में अब तक खरीदी गई 88666 मीट्रिक टन गेहूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पिछले कई दिन से बदल रहे मौसम के मिजाज को देखते हुए किसानों ने खेतों से गेहूं की फसल को तेजी से समेटना शुरु कर दिया। जिसकी वजह से जिला की सभी तेरह अनाज मंडियों में गेहूं की आवक बढ़ गई है। उपायुक्त प्रीति के मुताबिक चालू सीजन में अभी तक जिला की सभी तेरह अनाज मंडियों में 114943.39 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। जिसमें से अब तक 89666 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मंडियों में गेहूं की खरीद सुचारू रुप से किए जाने के निर्देश दिए हैं।

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि जिला की सभी अनाज मंडियों में सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा गेहूं की खरीद निर्धारित मानदंडों के अनुसार सुचारू रूप से 2585 रुपये प्रति क्विंटल खरीदी जा रही है। उन्होंने बताया कि चालू रबी सीजन में अभी तक जिला की विभिन्न अनाज मंडियों में खरीदी गई कुल 89666 मीट्रिक टन गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 20812.4 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 52064 मीट्रिक टन गेहूं व हरियाणा वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन 16790 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई।



यमुनानगर। अनाज मंडी में बिकने को पहुंची गेहूं की लगी ढेर। फोटो : हरिभूमि

### अब तक इतनी हुई गेहूं की खरीद

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि चालू रबी सीजन में अब तक जिला की व्यासपुर मंडी में 14711 मीट्रिक टन, छछरौली अनाज मंडी में 8264 मीट्रिक टन, गुमथला रॉव अनाज मंडी में 1851 मीट्रिक टन गेहूं, जगाधरी अनाज मंडी में 15028 मीट्रिक टन गेहूं, जठलाना अनाज मंडी में 1023 मीट्रिक टन गेहूं, खारवन अनाज मंडी में 1245 मीट्रिक टन गेहूं, प्रतापनगर अनाज मंडी में 4438.4 मीट्रिक टन, सरस्वतीनगर अनाज मंडी में 18902 मीट्रिक टन, रादौर अनाज मंडी में 9127 मीट्रिक टन, रणजीतपुर अनाज मंडी में 3845 मीट्रिक टन गेहूं, रसूलपुर अनाज मंडी में 3374 मीट्रिक टन, सढौरा मंडी में 7798 मीट्रिक टन व यमुनानगर अनाज मंडी में 60 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है।

### मंडियों में दुरुस्त रखें व्यवस्था

उपायुक्त प्रीति ने संबंधित अधिकारियों को अनाज मंडियों में पेयजल व्यवस्था, सफाई व शौचालय व्यवस्था, बिजली व्यवस्था आदि सुविधाओं का विशेष ध्यान रखे जाने के निर्देश दिए। ताकि किसानों को अपनी गेहूं की उपज को बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत न आएं। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि मंडियों में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हों। ताकि गेहूं खरीद से जुड़े आढ़तियों, मंडियों में मजदूरों व किसानों को सभी सुविधाएं मिलें।



### रादौर को स्वच्छ और सुदर बनाएं : मेहता

**रादौर।** नगरपालिका रादौर कार्यालय में कस्बा के वार्डों में बनाई गई विकास समितियों के सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगरपालिका के चेयरमैन रजनीश मेहता ने की। मौके पर नपा सचिव सुरेंद्र मलिक भी मौजूद रहे। नपा सचिव सुरेंद्र मलिक ने बताया कि रादौर के सभी 14 वार्डों में विकास समितियां बनाई हुई हैं। जिनके सहयोग से विकास कार्यों को करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बैठक में सदस्यों से उनके वार्डों में होने वाले कार्यों के बारे में रूपरेखा बनाई गई। मौके पर वार्ड कमेटी के सदस्यों ने नपा सचिव सुरेंद्र मलिक व चेयरमैन रजनीश मेहता के समक्ष अपने अपने वार्डों की समस्याओं को रखा। अधिकतर समस्याएं सफाई से जुड़ी हुई थी। नपा चेयरमैन रजनीश मेहता ने कहा कि रादौर के सभी वार्डों में समान रुप से कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कस्बा को सुंदर और स्वच्छ बनाए जाने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कस्बावासियों से रादौर कस्बा को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए अपने आसपास साफ सफाई रखे जाने का अनुरोध किया।



रादौर। सरस्वती मेहता पब्लिक लक्खासिंह खेडी में कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे।

## स्पर्धा से बच्चों को आगे बढ़ने की मिलती है प्रेरणा : मेहता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

सरस्वती मेहता पब्लिक लक्खासिंह खेडी में बैसाखी व डॉ. बीआर अंबेडकर की जयंती मनाई गई। जिसमें सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने पंजाबी एक्ट प्रतियोगिताए पेपर क्राफ्ट व अन्य स्पर्धा में जौहर दिखाये। मौके पर स्कूल प्रबंधक कपिल मेहता ने बताया कि डॉ. बीआर अंबेडकर ने संविधान निर्माण कर देश को एकता के सूत्र में पिरोने का काम किया है। उन्होंने समाज में ऊंच नीच, भेदभाव को मिटाने में अहम भूमिका अदा की है। मेहता ने बताया कि स्कूल में आयोजित प्रतियोगिताओं से बच्चों का मानसिक विकास होता है। इस अवसर पर प्रिंसिपल निशा मेहता, श्रीराम, लक्ष्मी कौर, प्रिंयका, सोनिया, रेनू आदि मौजूद रहे।

## मून स्टार प्री स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के मौके पर करवाया गीता पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

मून स्टार प्री स्कूल रादौर में बुधवार को नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। मौके पर श्री कृष्ण कृपा समिति द्वारा गीता पाठ करवाया गया तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। गीता पाठ का आयोजन नीतू चोपड़ा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री गणेश जी के भजन से की गई। मौके पर सभी अध्यापिकाओं व बच्चों ने मिलकर श्रीमद् भागवद गीता का 11वें अध्याय का पाठ किया। कार्यक्रम में श्री कृष्ण, राधा रानी, श्री राम, हनुमान, माता रानी व भोलेनाथ के भजनों की प्रस्तुति दी गई। विनती व अरदास के माध्यम से बच्चों व स्कूल के उज्जवल भविष्य की कामना की गई तथा हनुमान चालीसा व आरती के बाद सभी बच्चों व संगत में प्रसाद वितरित किया गया। विद्यालय की को-ऑर्डिनेटर रितु देवी द्वारा स्कूल की उपलब्धियों बारे अवगत करवाया तथा श्री कृषण कृपा सेवा समिति के सदस्यों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर नीतू, जसप्रीत, अनु, शिवानी, सिमरन, वर्षा, अनु, उमा, अंजू, बबीता, रानी, शुभम, कृष्ण आदि मौजूद रहे।



रादौर। मून स्टार प्री स्कूल में कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे व स्टाफ सदस्य।



यमुनानगर। रादौर में एसके रोड के किनारे भरा गंदा पानी। फोटो : हरिभूमि

## रादौर के निर्माणाधीन स्टेडियम की दीवार के पास भरे पानी से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर के निर्माणाधीन स्टेडियम की दीवार के पास गंदा पानी भरा रहने से जहां क्षेत्र के लोग परेशान हैं। वहीं, निर्माणाधीन स्टेडियम की दीवार ढ़हने के भी आसार बन गए हैं। कस्बावासियों ने जिला प्रशासन से स्टेडियम की दीवार के पास भरे गंदे पानी की निकासी करवाए जाने की मांग की है।

समाजसेवी हरविंद्र सिंह, बलवंत सिंह व विक्रम सिंह आदि ने बताया रादौर में एसके रोड पर पर स्टेडियम का निर्माण करवाया जा रहा है। ताकि क्षेत्र के युवाओं को लाभ मिल सके। मगर निर्माणाधीन स्टेडियम की दीवार के नजदीक भारी मात्रा में गंदा पानी भरा हुआ है। गंदे पानी की निकासी न होने के कारण जहां वातावरण दूषित हो रहा है। वहीं,निर्माणाधीन स्टेडियम की दीवार के भी गंदे पानी के कारण नीचे गिरने के आसार बन गए हैं। उन्होंने बताया कि लंबे समय से स्थानीय लोग नगरपालिका प्रशासन से गंदे पानी की निकासी करवाए जाने की मांग करते आ रहे हैं। लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया है। हरविंद्र सिंह,बलवंत सिंह व विक्रम सिंह आदि का कहना है कि कुछ समय पहले पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से कस्बा के एसके रोड के दोनो ओर दुकानों के गंदे पानी की निकासी के लिए नाले बनाए गए थे। लेकिन मार्ग के दोनों तरफ नाले बनाए जाने के बावजूद विभाग की ओर से गंदे पानी की निकासी का प्रबंध नहीं किया गया। जिस कारण एसके रोड के किनारे निर्माणाधीन स्टेडियम के बाहर भारी मात्रा में जमा हो गया है। शिकायत करने पर भी गंदे पानी की कोई निकासी न करवाए जाने से सभी परेशान हैं।

### जल्द करवा दी जाएगी सफाई

नगरपालिका सचिव सुरेंद्र मलिक ने बताया कि गंदे पानी की निकासी को लेकर नगरपालिका योजना पर कार्य कर रही है। जल्द ही गंदे पानी की निकासी करवा दी जाएगी।

## मारवा कलां में 21 को जनता दरबार व रात्रि ठहराव

- नगराधीश पीयूष गुप्ता ने रात्रि ठहराव की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला प्रशासन द्वारा जनता दरबार व रात्रि ठहराव 21 अप्रैल को गांव मारवा कलां के राजकीय माध्यमिक स्कूल में किया जाएगा। इस बात की जानकारी नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बुधवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी।

नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से मिले आदेश के अनुसार जिला के गांवों में जनता दरबार के साथ ही रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन द्वारा 21 अप्रैल को दोपहर 2 बजे व्यासपुर खंड के गांव मारवा कलां के राजकीय माध्यमिक स्कूल में जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद शाम साढ़े चार बजे आम जनता की शिकायतों की सुनवाई व निवारण के लिए रात्रि ठहराव का आयोजन किया जाएगा। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि उपायुक्त प्रीति व पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल रात्रि ठहराव के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित करेंगे और उनकी परेशानी जानेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा निर्देशों की अनुपालना जिला प्रशासन की ओर से प्रभावी ढंग से की जा रही हैं। इसी कड़ी में समाधान शिविर के साथ ही जनता दरबार व रात्रि ठहराव कार्यक्रम भी निरंतर किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जाएगा। हरियाणा सरकार की जनहितकारी नीतियों की जानकारी देने के लिए विभागीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी मौजूद रहेंगे। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने अधिकारियों को उपरोक्त कार्यक्रम में निश्चित समय व स्थान पर पहुंचने के निर्देश दिए।



नगराधीश पीयूष गुप्ता।

## शादी का झांसा दे दिल्ली की युवती से बलात्कार

- वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने का आरोप
- पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिल्ली निवासी युवती ने युवक पर उसे शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो बनाई। जिसके बाद आरोपी उसे वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करता रहा। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

दिल्ली निवासी 29 वर्षीय युवती ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसकी सोशल मीडिया के माध्यम से एक युवक के साथ दोस्ती हो गई। इसके बाद उन्होंने अपने मोबाइल नंबर शेयर किया और आपस में बातचीत करने लगे। युवती ने बताया कि आठ मार्च को आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी पर विश्वास करके उसे मिलने के लिए यमुनानगर आई तो आरोपी उसे जगाधरी के एक होटल में लेकर गया। जहां आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने बताया कि इस दौरान आरोपी ने उसका वीडियो भी बना लिया। इसके बाद आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करने लगा। जब उसने आरोपी को शादी करने के लिए बोला तो आरोपी ने शादी करने से मना कर दिया। उसने परेशान होकर आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**पहल** देश की प्रगति में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना समय की मांग : बहमनी

## केंद्र ने महिलाओं को 33% आरक्षण का रास्ता साफ किया

- भाजपा महिला मोर्चा व नगर निगम द्वारा शहर में निकाली गई स्कूटी रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

केंद्र सरकार द्वारा पारित किए गए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में बुधवार को भाजपा महिला मोर्चा व नगर निगम समेत नारी संगठनों ने शहर में स्कूटी रैली निकालकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया और आभार प्रक्ट किया। स्कूटी रैली का नेतृत्व नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी व भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रीति जौहर ने किया। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया।

बुधवार सुबह भाजपा महिला मोर्चा व नगर निगम की सैंकड़ो महिलाएं अपनी अपनी स्कूटियां लेकर शहर के मेन बाजार स्थित डीएवी कालेज के समक्ष पहुंच गई। इस दौरान महिलाओं ने अपने हाथों में अधिनियम के समर्थन में लिखे गए स्लोगनों से संबंधित पट्टिकाएं व झंडे उठाए हुए थे। इसके बाद स्कूटी रैली को सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। स्कूटी रैली शहर के डीएवी कालेज के समक्ष से शुरु होकर शहर के प्यारा चौक, फव्वारा चौक समेत विभिन्न मार्गों से होते हुए अंत में शुभारंभ स्थल पर जाकर संपन्न हुई।



यमुनानगर। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर निकाली गई स्कूटी रैली।

### महिलाओं में दिखा उत्साह

मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि रैली में महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरे मार्ग पर नारी शक्ति के समर्थन में नारों की गूंज सुनाई दी। उन्होंने बताया कि स्कूटी रैली के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि देश की प्रगति में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना समय की मांग है और यह अधिनियम उसी दिशा में एक मजबूत पहल है। मौके पर हरियाणा राज्य समाज कल्याण बोर्ड की पूर्व चेयरमैन रोजी मलिक आनंद व महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रीति जौहर ने भी केंद्र सरकार व प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया।

## अधिनियम नारी सशक्तिकरण की दिशा में है महत्वपूर्ण कदम

- भाजपा ने दर्जनभर गांव में चलाया गांव चलो बस्ती चलो अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भाजपा द्वारा जिला में चलाए जा रहे गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ताओं ने रादौर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क किया। इस दौरान अभियान का नेतृत्व कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल राणा ने किया। उन्होंने ग्रामीणों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से अवगत करवाया।

भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने अभियान के तहत दुधली, रेतगढ, टोपरा खुर्द, मण्डेबर, मण्डेबरी, सुढैल, खेडी रांगडान, अमरपुर व ससौली आदि में जाकर ग्रामीणों से जनसंपर्क किया। मौके पर नेपाल राणा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा रादौर विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों और शहरों में समान रुप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा का प्रयास है कि उनकी रादौर विधानसभा क्षेत्र का कोई भी गांव विकास कार्यों से वंचित ना रहे। भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा ने बताया कि भाजपा सरकार का अभियान गांव चलो बस्ती चलो स्वच्छ, सुंदर और विकसित गांव की दिशा में यह प्रयास आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी भारत के संकल्प को साकार करने की ओर एक मजबूत कदम है। उन्होंने बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




यमुनानगर। दुधली में जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी देते पार्टी के वरिष्ठ नेता नेपाल राणा। फोटो : हरिभूमि

# बैसाखी महोत्सवः ड्रोन शो में 1699 के इतिहास और वीर हरियाणा को दिखाया

# 327 साल पहले गुरु गोबिंद सिंह के साहस की चमक आसमान में दिखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र के इतिहास में पहली बार दो दिवसीय राज्य स्तरीय बैसाखी महोत्सव 2026 पर भव्य और विशाल ड्रोन शो का आयोजन हुआ। इस ड्रोन शो को देखने के लिए प्रदेशभर से नागरिकों का हुजूम कुरुक्षेत्र के केडीबी के मेला ग्राउंड में इक_ा हुआ। धर्मनगरी में सैंकड़ों ड्रोनों के विहंगम से 327 साल पहले दशमेश पिता गुरु गोबिंद सिंह के साहस की चमक आसमान में चमकी। दोपहर बाद ही ड्रोन शो के लिए लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। ड्रोन शो के मनोहर दृश्य को हजारों की भीड़ अपने साथ यादगार बनाकर ले गई। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा ने मंगलवार को कुरुक्षेत्र में केडीबी मेला ग्राउंड में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय बैसाखी महोत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि आज के इस समापन समारोह का विशेष आकर्षण ड्रोन-शो है, जो आधुनिक तकनीक और परंपरा का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। यह दिखाता है कि हम अपनी जड़ों से जुड़े रहते हुए भी आधुनिकता को आत्मसात कर रहे हैं। यही नया हरियाणा है, जहां परंपरा और तकनीक साथ-साथ आगे बढ़ते हैं। ये बेहद ऐतिहासिक शाम भगवान श्रीकृष्ण की उपदेश स्थली कुरुक्षेत्र स्थित ब्रह्मसरोवर के नजदीक मेला ग्राउंड के ऊपर आसमान में जगमग रही। शो की शुरूआत होते ही सभी की नजरें खुले आसमान की ओर चली गई। वहां का नजारा था कि नन्हीं रोशनियां जमीन से उठकर सितारों से मिलने जा रही हैं। बैसाखी मेले के इतिहास में पहली बार तकनीक के जरिए अपनी जड़ों की कहानी देखने को मिली। इस ड्रोन शो ने संदेश दिया कि हम अपनी परंपराओं का सम्मान भी करते हैं और नए भारत की आधुनिकता के साथ उड़ना भी जानते हैं।


कुरुक्षेत्र। ड्रोन शो का आकर्षक नजारा।


कुरुक्षेत्र। बैसाखी मेले का दृश्य।

## जुल्म के खिलाफ कौम को किया खड़ा

आज से ठीक 327 साल पहले 13 अप्रैल 1699 को दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी ने हमें एक नई पहचान दी थी। यह वही तारीख है जिसने जुल्म के खिलाफ एक ऐसी कौम को खड़ा किया, जो कभी झुकी नहीं। ये रोशनियां हमें याद दिलाती हैं कि सच्चाई और साहस की चमक कभी फीकी नहीं पड़ती। अब आगे बढ़ते हुए ड्रोन हवा में धीरे-धीरे मुड़ रहे हैं और सबके सामने आनंदपुर साहिब की पावन धरा उभर आई। ये खुशियों का वो शहर हैं, जहां भक्ति और शक्ति का मिलन हुआ। इसी धरती पर 1699 की उस वैशाखी को गुरु साहिब के एक आह्वान पर पंज प्यारों ने अपने शीश भेंट किए थे। तख्त श्री केशगढ़ साहिब की यह गूंज आज भी हमें सिखाती है कि जहां कुबार्नी है, वहीं जीत है। अब आसमानी सितारे उस पवित्र इतिहास को नमन कर रहे हैं। ड्रोन शो की आकृति अब वीर हरियाणा बदल गई हैं। यहां खेतों में सोना उगता है और जवान देश की शान हैं। बैसाखी का यह मेला हमारी उसी मेहनत, फसल और हरियाली का उत्सव है। आसमान में हमारा हरियाणा अपनी विरासत पर मुस्कुरा रहा है। ये कितना विहंगम नजारा है। ये सैकड़ों ड्रोन मिलकर बता रहे हैं कि जब हम साथ मिलकर चलते हैं तो हम अंधेरे को भी रोशन कर सकते हैं। बैसाखी का यह त्योहार आपके जीवन में नई उमंग लेकर आए। यह ऐतिहासिक ड्रोन शो बैसाखी पर्व का महत्वपूर्ण हिस्सा बना है।

## सामाजिक एकता का प्रतीक है बैसाखी पर्व :श्याम सिंह राणा

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि बैसाखी का यह पर्व भारत की कृषि परंपरा, हमारी मेहनतकश किसान संस्कृति और हमारी सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह पर्व हमें नई ऊर्जा, नई आशा और नए संकल्प के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। यह वही दिन है जब किसान अपनी मेहनत का फल पाता है और पूरा समाज उस समृद्धि को उत्सव के रूप में मनाता है। कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा देर सायं कुरुक्षेत्र में केडीबी मेला ग्राउंड में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय बैसाखी महोत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने बैसाखी महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम स्थल के विभिन्न आयोजनों का निरीक्षण किया।

## ये रहे मौजूद

इस मौके पर उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, मुख्यमंत्री ओएसडी डॉ. प्रभलीन सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेंदर सिंह गोल्डी, सीएम मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, अध्यक्ष धर्मवीर डागर, अध्यक्ष धर्मवीर मिजार्पुर, जिला परिषद की अध्यक्षता कंवलजीत कौर, नगर परिषद की अध्यक्षता माफी ढांडा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### आयुष विवि में डॉ. गुप्ता ने संभाला कुलसचिव का पदभार

**कुरुक्षेत्र।** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने बुधवार को पदभार ग्रहण कर लिया है। विश्वविद्यालय पहुंचने पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान, निवर्तमान कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर, उप कुलसचिव विकास शर्मा और अतुल गोयल ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता इससे पूर्व महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में कुलसचिव के पद पर कार्यरत रहे हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने कहा कि वे कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के समग्र विकास, प्रशासनिक पारदर्शिता और कार्यकुशलता को और मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे।

### बाबा साहेब का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

**कुरुक्षेत्र।** डॉ. बी.आर. अंबेडकर छात्र कल्याण संघ (असवा) के द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के विधि विभाग में भारत रत्न, ज्ञान के प्रतीक और संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का जन्म दिवस अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बाबा साहब की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित किया गया तथा केक काटकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता असवा के कानूनी सलाहकार अधिवक्ता सागर ने की।

### पिपली में 19 को मनाई जाएगी परशुराम जयंती

**कुरुक्षेत्र।** परशुराम सेवा समिति पिपली के सदस्यों ने जयभगवान शर्मा पूर्व प्रत्याशी पेहवा विधानसभा के निवास पर पहुंचकर 19 अप्रैल को आयोजित किए जा रहे भगवान परशुराम जन्मोत्सव के लिए निमंत्रण दिया। जयभगवान शर्मा ने सहर्ष इस निमंत्रण को स्वीकारते हुए आयोजन समिति को हर संभव सहायता का आश्वासन भी दिया। जयभगवान शर्मा ने कहा की वे सदैव ऐसे आयोजनों के लिए आगे रहकर क्षमता अनुसार अपना सहयोग और समर्थन देते रहे हैं ' इस आयोजन के लिए उन्होंने पिपली समिति सदस्यों का आभार जताया।

### डा. आंबेडकर के विचारों से लें प्रेरणा

**कुरुक्षेत्र।** यूएसएफ कुरुक्षेत्र द्वारा बैसाखी एवं अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में एक ऑनलाइन सत्र का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. सुषमा शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। सत्र में हैदराबाद से बी.के. प्रीति ने विशेष रूप से भाग लिया। डॉ. सुषमा शर्मा एवं बी.के. प्रीति ने सभी शालिनियों को वैसाखी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। शालिनियों को उनके विचारों एवं सिद्धांतों से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बी.के. प्रीति द्वारा एक विशेष गतिविधि आयोजित की गई, जिसमें शालिनियों को आत्म-जागरूकता के महत्व के बारे में बताया गया। इस गतिविधि के माध्यम से प्रतिभागियों को अपने भीतर के मूल्यों को पहचानने तथा उन्हें जीवन में अपनाकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

# पिहोवा मंडी के 4 सब खरीद केंद्र और स्थापित

**किसानों की सुविधा के लिए लिया फैसला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि रबी सीजन के दौरान गेहूं की फसल बेचने में किसानों को सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए पिहोवा अनाज मंडी के अधीन 4 अस्थाई सब खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें जुरासी खुद, श्री संगमेश्वर धाम, जगदम्बा प्लेटी अंबाला रोड और चावला प्लेटी गुमथला गुढ़ू शामिल है। यहां पर 16 अप्रैल से ही किसान अपनी गेहूं की फसल बेचने के लिए पहुंच सकते हैं। मार्केट कमेटी पिहोवा की तरफ से चारों जगहों पर खरीद की सभी सुविधाओं को मुहैया करवाया जा रहा है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा बुधवार को मार्केट कमेटी पिहोवा कार्यालय में अधिकारियों, खरीद एजेंसी, उठान एजेंसी और आढ़तियों के आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को खरीद, उठान संबंधित उचित दिशा निर्देश दिए।

## डीसी का जताया आभार

*पिहोवा अनाज मंडी के अधीन चार सब खरीद केंद्र और शुरू करवाने से आढ़ती एसोसिएशन ने उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा का आभार व्यक्त किया। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मार्केट कमेटी व आढ़तियों की तरफ से पिहोवा अनाज मंडी में जगह की बताई गई। यहां पर गेहूं की आवक ज्यादा है और आवक के मुकाबले जगह कम है। किसानों को रबी सीजन 2026-27 में गेहूं खरीद के दौरान किसानों की सुविधा को देखते हुए अस्थाई केंद्र बनाए जाने की बात रखी, ताकि गेहूं खरीद कार्य को सुचारू रूप से चलाया जा सके। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा, आढ़तियों व मार्केट कमेटी की मांग को देखते हुए चार स्थानों का चयन करके सब खरीद केंद्र शुरू किए जा रहे हैं। इस मौके पर एसडीएम अनिल दून, डीएफएससी नरेश कुमार, चेयरमैन तरनदीप सिंह वड़ैच, मार्केट कमेटी सचिव अजय संधू, प्रधान नवीन कुमार, डीएम हैफेड शमशेर, मार्केट कमेटी डीएम राजीव सोलंकी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।*

## नवयुग स्कूल में मनाई आंबेडकर जयंती

**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में बाबा साहब आंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर के उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा ने बताया कि भीमराव रामजी अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था। अंबेडकर के दादा का नाम मालोजी सकपाल था, तथा पिता का नाम रामजी सकपाल और माता का नाम भीमाबाई था। 1896 में अंबेडकर जब पाँच वर्ष के थे तब उनकी माँ की मृत्यू हुई थी। इसलिए उन्हें बुआ मीराबाई संभाला था, जो उनके पिता की बडी बहन थी। मीराबाई के कहने पर रामजी ने जीजाबाई से पुनर्विवाह किया, ताकि बालक भीमराव को मां का प्यार मिल सके।



# छात्रों की रचनात्मकता को बढ़ावा देती कला प्रदर्शनीः प्रो. महासिंह पूनिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में ललित कला विभाग द्वारा एक भव्य कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी एवं लोक संपर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने किया। उद्घाटन अवसर पर प्रो. महासिंह पूनिया ने छात्रों की मेहनत और कलात्मक उत्कृष्टता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी न केवल रचनात्मकता को बढ़ावा देती हैं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज, संस्कृति और मानवीय संवेदनाओं का सशक्त दर्पण है। इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी सोच, कल्पनाशक्ति और भावनाओं को साकार रूप देने का अवसर मिलता है। यह प्रदर्शनी ललित कला विभाग के अध्यक्ष डॉ. गुरचरण सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा बनाई गई विभिन्न प्रकार की कलाकृतियां प्रदर्शित की गईं, जिनमें चित्रकला, टेराकोटा तथा अन्य माध्यम शामिल हैं।



# कराटे खिलाड़ी मातांशु रंगा को किया सम्मानित

**कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया में जीता था स्वर्ण, पूर्व जस्टिस प्रीतम पाल से मिला सम्मान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

प्रतिभा और दृढ़ निश्चय जब एक साथ मिलते हैं, तो सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित होते हैं। लाडवा हल्के के गाँव बजीदपुर के युवा कराटे खिलाड़ी मातांशु रंगा ने अपनी कड़ी मेहनत के दम पर एक बार फिर राष्ट्रीय फलक पर हरियाणा का नाम चमकाया है। इस शानदार उपलब्धि के उपलक्ष्य में 14 अप्रैल को डॉ. आंबेडकर भवन में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की 135वीं जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में मातांशु को उनकी ऐतिहासिक जीत के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक मातांशु रंगा ने हाल ही में 23-24 मार्च को मध्य प्रदेश की धरती पर आयोजित कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया (काई) अंडर-21 प्रतियोगिता में अपनी खेल कुशलता का परिचय देते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा किया था।


कुरुक्षेत्र। कराटे खिलाड़ी मातांशु रंगा को सम्मानित करते पूर्व जस्टिस प्रीतम पाल।

## उज्ज्वल भविष्य की कामना

इस प्रतियोगिता में देशभर के दिग्गज खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए उन्होंने साबित कर दिया कि उनमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने का माद्दा है। डॉ. अंबेडकर भवन कमेटी द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व जस्टिस प्रीतम पाल ने मातांशु को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में रिटायर्ड चीफ इंजीनियर आर.डी. पंडीर और जसपाल मेहरा ने भी शिरकत की।

# दसवीं सीबीएससी बोर्ड की परीक्षा में इन स्कूलों का रहा शानदार परिणाम

## दसवीं में बीआर इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा रितिका ने 98% अंक किए हासिल



**कुरुक्षेत्र।** बी. आर. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में सी.बी.एस.ई. द्वारा कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम आते ही पूरे विद्यालय परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई। दसवी के कुल 56 बच्चों ने परीक्षा दी तथा सभी का रिजल्ट शानदार रहा। विद्यालय का कुल रिजल्ट 100 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवी की छात्रा रितिका ने 98 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया। 2 बच्चे 90 प्रतिशत से ऊपर, 21 बच्चे 80 प्रतिशत से ऊपर रहे। 33 बच्चे 70 प्रतिशत से ऊपर रहे। विद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्साहवर्धक रहा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के चेयरमैन दीपक चोपड़ा ने सभी छात्रों को इस शानदार परिणाम पर हार्दिक बधाई देने के साथ उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएँ दी। विद्यालय प्राचार्या श्रीमती पूजा कंबोज ने इस अभूतपूर्व परिणाम पर सभी छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए भविष्य में इससे भी बेहतर परिणाम लाने को प्रेरित किया।

## गुरुकुल के सभी छात्र मेरिट से उत्तीर्ण, 98.4% अंकों के साथ चिराग चौधरी बना गुरुकुल टॉपर

**कुरुक्षेत्र।** सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणामों की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए 10वीं कक्षा में भी गुरुकुल के सभी छात्रों ने मेरिट प्राप्त की है, चिराग चौधरी ने 98.4 फीसदी अंकों के साथ गुरुकुल टॉप किया है। निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार एवं प्राचार्य सूबे प्रताप ने टॉपर चिराग चौधरी ने 'विशेष सम्मान' से पुरस्कृत किया और बधाई दी। गुरुकुल के संरक्षक व गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने भी गुरुकुल परिवार को एतिहासिक परीक्षा परिणाम पर बधाई दी है। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक संजीव आर्य, परीक्षा नियंत्रक रमेश कुमार, सुशील कुमार, पंकज धीमान, संदीप कुमार, विकास कुमार सहित अन्य अध्यापकगण उपस्थित रहे। ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि दसवीं में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के छात्र चिराग चौधरी ने 98.4 प्रतिशत अंकों के साथ गुरुकुल टॉप किया है, वहीं गुरुकुल के सभी छात्र मेरिट से पास हुए हैं। उन्होंने बताया कि संस्कृत में गुरुकुल के 69 छात्रों ने 100 प्रतिशत अंक लेकर नया कीर्तिमान बनाया है जिसके लिए पूरा संस्कृत विभाग विशेष बधाई का पात्र है। इसके अलावा 49 छात्रों ने 95 फीसदी, 140 छात्रों ने 90 फीसदी अंक प्राप्त किये है। विषयानुसार अंकों की बात करें तो संस्कृत सहित साइंस, अंग्रेजी में भी छात्रां ने 100 में 100 अंक प्राप्त हासिल किए हैं।





## महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल की समरीन कौर ने 99.4% अंक किए हासिल, दी बधाई

**कुरुक्षेत्र।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सत्र 2025-2026 में महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए सर्वोत्तम परिणाम द्वारा संपूर्ण विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया। महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र की दसवीं कक्षा की छात्रा समरीन कौर ने 99.4% नया कीर्तिमान स्थापित किया, छात्र आरव अग्रवाल ने 99% अंक प्राप्त करके विद्यालय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा छात्रा आर्ची 98.4% अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान पर रही। कक्षा दसवीं में 306 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 108 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त करके विद्यालय तथा अभिभावकों को गौरवान्वित किया। 242 विद्यार्थियों ने 75% प्रतिशत तथा इससे अधिक अंक प्राप्त करके मेरिट सूची में जगह बनाई। इस शुभ अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या ने तथा विद्यालय परिवार के अन्य सदस्यों ने अभिभावकों तथा विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।



## केयूके स्पार्टन ने आठ विकेट जीता मैच

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के खेल प्रांगण में मंगलवार को दोपहर बाद केयूके स्पार्टन टीम व केयूके वॉरियर्स के बीच 5वें अनौपचारिक केयू गैर-शिक्षक कर्मचारी टी-20 प्रतियोगिता के लीग मैच में केयूके वॉरियर्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 143 रन बनाए। अनिल ग्योंग ने 49 गेंदों में 8 चौके लगाकर 56 रनों की अहम पारी खेली। वहीं केयूके स्पार्टन टीम की ओर से रामेश्वर दास ने 4 ओवर में 18 रन देकर 2 विकेट, विशाल सैनी तथा विनोद कुमार ने 1-1 विकेट लिया। कप्तान हरिश गैरोला ने मैन ऑफ द मैच रहे विशाल सैनी को बधाई दी।

# जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** सिक्योर फ्यूचर अकादमी रामगढ़ रोढ के बच्चों ने पिछली साल की तरह इस साल भी जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। सिक्योर फ्यूचर अकादमी के प्रतिभाशाली बच्चे कशिश शर्मा ईशाक, जतिन रामगढ रोढ व हनीश कक्योर ने हाल ही में हुए जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा को सफलतापूर्वक पास करके अकादमी और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। बच्चों ने अपनी मेहनत, लगन व अकादमी के अनुभवी अध्यापकों के मार्गदर्शन में ये सफलता हासिल की है। अकादमी के डायरेक्टर मि. राजेश मोहरे और मि. केशव मोहरे ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और इसे अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बताया पिछले साल भी अकादमी से चार बच्चे रिया शर्मा, कनिका मोहरे, दिव्या मैहला, कृतिका धरान ने प्रवेश परीक्षा सफलतापूर्वक पास करके अकादमी का नाम रोशन किया था। सिक्योर फ्यूचर अकादमी रामगढ रोढ में इंग्लिश स्पीकिंग और जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा की बेहतरीन कोचिंग दी जाती है। जहाँ हर बच्चे पर विशेष ध्यान दिया जाता है।



## नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर जिला कुरुक्षेत्र में चलाया हस्ताक्षर अभियान

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सपनों को सच करने का माध्यम : कौर

आज ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग पर होगी नारी शक्ति वंदन पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर जिला कुरुक्षेत्र में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है। इस अभियान में जुड़ते हुए महिलाएं अपने हस्ताक्षर करके अधिनियम को स्पॉट कर रही हैं। जिले में अलग-अलग स्थानों पर हस्ताक्षर करवाकर महिलाओं को अभियान के साथ जोड़ा जा रहा है। इस अधिनियम के पारित होने से महिलाओं को अब लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर 16 अप्रैल को नारी शक्ति वंदन पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन ब्रह्मसरोवर पुरुषोत्तमपुरा बाग पर किया जाएगा।


कुरुक्षेत्र। हस्ताक्षर अभियान में भाग लेती महिलाएं।

## प्रधानमंत्री और सीएम सैनी का जताया आभार

इस कार्यक्रम में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी व पूर्व मंत्री कमलेश ढांडा शिरकत करेंगी। भाजपा के जिलाध्यक्ष तिजेंद्र सिंह गोल्डी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि करोड़ों महिलाओं के सपनों को सच करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी अधिनियम के लिए 16 से 18 अप्रैल तक विशेष सत्र बुलाया है। यह अधिनियम महिलाओं को नए अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 का सपना तभी पूरा होगा, जब महिलाएं पूरी तरह सशक्त होंगीं। नगर परिषद की चेयरपर्सन माफी ढांडा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नारी शक्ति वंदन अधिनियम- 2023 जैसा ऐतिहासिक निर्णय लेने के लिए आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भी धन्यवाद किया जिनके नेतृत्व में महिलाओं के लिए अनेक योजनाएं प्रभावी रूप से लागू हो रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत की धरती पर कई ऐसी महान महिलाएं हुई हैं जिन्होंने समाज में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए संघर्ष किया और उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि जब महिलाओं को मौका मिलता है, तो वे बहुत अच्छा काम करती हैं। इस अभियान में डीआरओ चेतना चौधरी, परमजीत कश्यप, अनु माल्यान सहित अन्य महिलाओं ने हस्ताक्षर किए।

राज्य निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार कार्रवाई शुरू, 25 तक लिए जाएंगे नामांकन, फिर जांच के बाद जारी किए जाएंगे चुनाव चिह्न

# नगर निगम चुनावः नामांकन के लिए रिटर्निंग ऑफिसर ने नोटिस जारी किया, 21 से शुरू होगी नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया

## कांग्रेस-भाजपा ने शुरू की जिताउ उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया, एक-एक आवेदन होने की वजह से कांग्रेस ने उम्मीदवारों को प्रचार शुरू करने के दिए निर्देश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से अधिसूचना जारी कर नगर निगम के महापौर और सदस्यों के पदों के लिए आम चुनाव की घोषणा की है। इस अधिसूचना की अनुपालना में रिटर्निंग ऑफिसर दर्शन कुमार (एचसीएस) ने अंबाला नगर निगम के महापौर और निगम के सदस्यों के आम चुनाव के लिए हरियाणा नगर निगम चुनाव नियम 1994 के नियम 22 के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए नामांकन प्रक्रिया का पूरा कार्यक्रम घोषित किया है। इन चुनावों के तहत चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, नामांकन के लिए रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नोटिस जारी किया गया है। निगम चुनाव के तहत उम्मीदवार 21 अप्रैल 2026 से 25 अप्रैल, 2026 के बीच सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। मेयर पद व वार्ड नंबर 1 से 10 वार्डो के लिए उम्मीदवार एसडीएम अंबाला शहर के कोर्ट रू म में नामांकन पत्र दाखित कर सकते हैं। इसी प्रकार वार्ड नंबर 11 से 20 वार्डों के लिए उम्मीदवार 21 अप्रैल 2026 से 25 अप्रैल, 2026 के बीच सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक अपने नामांकन पत्र तहसीलदार कोर्ट अंबाला शहर में दाखिल कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव के दृष्टिगत नामांकन पत्रों की जांच 27 अप्रैल 2026 को की जाएगी। उम्मीदवार 28 अप्रैल, 2026 को दोपहर 3 बजे तक अपना नाम वापस ले सकते हैं जिसके तुरंत बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए जाएंगे।इन सभी पदों के लिए मतदान 10 मई 2026 को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित किया जाएगा। नगर निकायों के मतों की गणना 13 मई को सुबह 8 बजे से निर्धारित केंद्र पर शुरू होगी। अधिसूचना से जुड़ी जानकारी उपायुक्त, निगम , एसडीएम तथा तहसील कार्यालयों में चस्पा कर दी गई है।

### दोनों दलों ने शुरू की तैयारी

नगर निगम चुनाव का ऐलान होते ही भाजपा व कांग्रेस ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। इस बार दोनों दलों के उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला होगा। उम्मीदवारों के चयन को लेकर सबसे ज्यादा दिक्कत भाजपा में है। यहां हर वार्ड में टिकट के लिए मारामारी है। सभी 20 वार्डों के साथ मेयर पद के लिए भी कई उम्मीदवार मैदान में है। ऐसे में भाजपा को जिताउ उम्मीदवारों के चयन में खूब मत्थापच्ची करनी होगी। उधर कांग्रेस में इस बार उम्मीदवारों के चयन को लेकर ज्यादा कसरत करने की नौबत आती नहीं दिख रही। कांग्रेस के पास कई वार्डो से एक_एक आवेदन ही आया। ऐसे में इन वार्डों के उम्मीदवारों को चुनाव के लिए प्रचार शुरू करने के आदेश दिए गए हैं। कई उम्मीदवारों ने भी प्रचार भी शुरू कर दिया है। मेयर पद के लिए भी केवल एक ही आवेदन कांग्रेस के पास है। ऐसे में मेयर पद के लिए भी कांग्रेस को ज्यादा कसरत नहीं करनी पड़ेगी।

### खबर संक्षेप



#### गेहूं खरीद का कार्य पूरी तरह सुचारु रूप से जारी

**शहजादपुर।** मार्केट कमेटी नारायणगढ़ के सचिव अखिलेश शर्मा ने बताया कि 15 अप्रैल 2026 तक मार्केट कमेटी के अधीन आने वाली अनाज मंडी नारायणगढ़, खरीद केंद्र भरेड़ी कलां एवं बेरखेड़ी में कुल 2,03,373 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। उन्होंने बताया कि मंडी एवं खरीद केंद्रों में गेहूं खरीद का कार्य पूरी तरह सुचारु रूप से जारी है। सभी आढ़तियों द्वारा प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार किसानों की फसल की तुलाई इलेक्ट्रॉनिक कांटों के माध्यम से ही की जा रही है। मंडियों में फसल की समय पर खरीद और उठान सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। सचिव ने बताया कि मंडियों में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए साफ-सफाई, पेयजल, बिजली आदि की व्यवस्था सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मंडियों में गेहूं खरीद कार्य सुचारु रूप से चल रहा है।

## मंडी गेट पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें, घंटों करना पड़ा इंतजार

# बायोमेट्रिक सिस्टम ठप होने पर फूटा किसानों का गुस्सा, जमकर नारेबाजी

समय पर उठान न होने से पूरी मंडी गेहूं की बोरियों से अटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

अनाज मंडी में गेहूं की सरकारी खरीद के दौरान बुधवार को व्यवस्थाएं उस समय पूरी तरह लड़खड़ा गईं, जब बॉयोमेट्रिक प्रणाली अचानक ठप हो गई। इसके चलते मंडी गेट पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारें लग गईं और किसानों को घंटों इंतजार करना पड़ा। करीब तीन घंटे तक गेट पास जारी न होने से आक्रोशित किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। हालात बिगड़ते देख और सड़क पर जाम की स्थिति बनने के बाद विभाग ने आनन-फानन में मैनुअल तरीके से पर्चियां काटनी शुरू कीं, तब जाकर व्यवस्था कुछ हद तक पटरी पर लौटी।

प्रदर्शन करते हुए किसान।



### पूरी तरह सामान्य

बॉयोमेट्रिक प्रणाली में सुबह से ही तकनीकी दिक्कत आ रही थी, जिसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दे दी गई थी। उन्होंने कहा कि फिलहाल मैनुअल गेट पास जारी करने की अनुमति दे दी गई है और जल्द ही स्थिति पूरी तरह सामान्य कर दी जाएगी। साथ ही उन्होंने दावा किया कि मंडी में बारदाने व अन्य आवश्यक सुविधाओं की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

-राहुल मेव,
सचिव, मार्केट कमेटी।

### गेट पर घंटों फंसे रहे किसान

सुबह से ही मंडी के मुख्य द्वार पर करीब 50 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियां खड़ी हो गई थीं। किसानों का आरोप है कि बॉयोमेट्रिक मशीन और संबंधित वेबसाइट काम न करने के कारण उन्हें मंडी में प्रवेश नहीं दिया जा रहा था। किसान आशु राणा, शेखर थंबड़ और संजीव (महमूदपुर) ने बताया कि तपती धूप में घंटों इंतजार के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला। मजबूरी में कई किसानों को अपनी फसल वापस ले जानी पड़ी। किसानों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक ओर सरकार डिजिटल व्यवस्था का दावा करती है, वहीं जमीनी स्तर पर तकनीकी खामियों का खामियाजा अन्नदाताओं को भुगतना पड़ रहा है।

### मंडी के भीतर भी अव्यवस्था

सिर्फ तकनीकी समस्या ही नहीं, मंडी के अंदर की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है। आढ़ती मनजीत सिंह के अनुसार मंडी गेहूं की बोरियों से पूरी तरह भर चुकी है। समय पर उठान न होने के कारण नई फसल के लिए पर्याप्त जगह नहीं बची है। वहीं बारदाने की कमी के चलते तुलाई कार्य भी प्रभावित हो रहा है, जिससे किसानों और आढ़तियों दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



बराड़ा। अनाज मंडी में किसानों से बात करते हुए विधायक।

## बॉयोमेट्रिक, गेटपास और ट्रैक्टर से जुड़ी सभी शर्तें अनावश्यक

**बराड़ा।** विधायक पूजा ने बुधवार को तल्हेड़ी रांगडान व केसरी सब अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। किसानों आढ़तियों व मजदूरों से बातचीत कर मंडी में उनको आ रही समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। विधायक ने कहा कि प्रदेश की मंडियों में गेहूं खरीद के लिए ऑनलाइन पोर्टल और सर्वर डाउन होने के कारण किसान भारी परेशान हैं।गेट पास जेनरेट करने वाला ऑनलाइन सिस्टम फेल हो रहा है, जिससे घंटों की देरी हो रही है।बॉयोमेट्रिक सिस्टम और फोटो लेने की अनिवार्यता के कारण किसान परेशान हैं। बॉयोमेट्रिक, गेटपास और ट्रैक्टर से जुड़ी शर्तें अनावश्यक हैं। इनसे छोटे और गरीब किसानों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। बुजुर्ग किसानों और महिलाओं के लिए भी ये नियम व्यावहारिक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मंडियों में बारदाने की कमी एक बड़ी समस्या बनी हुई है। एक ओर उठान नहीं हो रहा, वहीं बारदाना न मिलने से गेहूं की भराई भी प्रभावित हो रही है।

■ बॉयोमेट्रिक सिस्टम और फोटो लेने की अनिवार्यता से परेशानी

धीमी खरीद और उठान के कारण किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ नजर आ रही हैं। मौसम खराब होने या बारिश की स्थिति में खुले में पड़ा गेहूं खराब होने का खतरा भी बना हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार 72 घंटे में किसानों की फ़सल के भुगतान का दावा करती है लेकिन किसानों को कई हफ़्तों तक भुगतान नहीं मिल रहा। सरकार फ़सल खरीद के जिन 72 घंटों पर भुगतान का दावा करती है वह 72 घंटे फ़सल को हैफेड या दूसरी एजेंसियों के गोदाम में पहुंचने के बाद मान्य होते है लेकिन सरकार द्वारा खरीद के बाद अगर किसान की फ़सल चाहे दस दिनों तक मंडी में पड़ी रहे और उसका उठान न हो तो उसकी जवाबदेही सरकार की नहीं है।



अंबाला। सभा को प्रदान किया गया 200 साल पुराना फोल्डिंग रथ।

### भगवान परशुराम जयंती पर आयोजन

## भव्य शोभायात्रा की तैयारियां प्रारंभ, कई बैंड मचाएंगे धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला ब्राह्मण सभा द्वारा भगवान श्री परशुराम जयंती के पावन अवसर पर निकाली जाने वाली भव्य शोभायात्रा को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इस आयोजन को लेकर सभा के पदाधिकारियों एवं समाज के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। सभा के सेवक सदस्य एकांश शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शोभायात्रा को भव्य एवं आकर्षक स्वरूप देने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि इस शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण ऐतिहासिक रथ रहता है जो महाराजा पटियाला के सौजन्य से ब्राह्मण सभा को प्राप्त हुआ था। इस रथ का धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व है जिसके कारण यह शोभायात्रा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनता है। उन्होंने आगे बताया कि शोभायात्रा के दौरान विभिन्न झांकियां, धार्मिक गीत-संगीत, एवं समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी इस आयोजन को और भी भव्य बनाएगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए सभा के सदस्य दिन-रात तैयारियों में जुटे हुए हैं। इस शोभायात्रा में अशोक बैंड सहारनपुर, हरीश बैंड मोहाली, आजाद बैंड, नानोता (सहारनपुर), कृष्णा बैंड, अंबाला शहर, अनमोल नासिक ढोल, संदीप नटखट आर्ट ग्रुप अंबाला शहर, मुलख राज की बग्गी, शाम साउंड शामिल रहेंगे। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बैठकें आयोजित कर लोगों को अधिक से अधिक संख्या में शोभायात्रा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

■ लोगों को भाग लेने के लिए किया जा रहा प्रेरित

### बल्ली खिसकने से लेंटर का ढांचा ढहा, छह मजदूर मलबे में दबे

**साहा।** साहा-शहजादपुर रोड स्थित संदीप वेल्डिंग वर्कशॉप के पास एक निर्माणाधीन दुकान में लेंटर डालते समय बुधवार दोपहर 4 बजे एक बड़ा हादसा पेश आया। लेंटर के नीचे लगा रखी एक बल्ली अचानक खिसकने के कारण लेंटर भरभराकर नीचे गिर गया। इस हादसे में छह मजदूर दब गए जो गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के वक्त मौके पर करीब 8 से 10 मजदूर व मिस्त्री काम कर रहे थे। मलबे में दबे घायलों को साथी मजदूरों और स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकालकर तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में हेमा माजरा गांव के रवि (26), राजाराम (24) व विपिन कुमार (26) को उपचार के लिए कैंट के नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया, जबकि दो अन्य मजदूरों को मुलाना एमएम अस्पताल में दाखिल करवाया गया। चीख-पुकार के बीच निकाला गया बाहर ठेकेदार रामचरण ने बताया कि करीब 7 से 8 मजदूरों के साथ शहजादपुर रोड पर लेंटर डालने का काम करवा रहा था। लेंटर का काम लगभग खत्म होने वाला था कि ढांचा गिर गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों में चीख-पुकार मच गई।

■ चीख पुकार के बीच मजदूरों को मलबे से लोगों ने निकाला, पुलिस भी कर रही है मामले की जांच

### छात्रों को जॉब के लिए एप्लीकेशन राइटिंग की दी जानकारी




**बराड़ा।** महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय में यूथ रेड क्रॉस एवं अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में "जॉब एप्लीकेशन राइटिंग" विषय पर छह दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजश्री खरे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मवृत्त (रेज्यूमे) नौकरी के लिए आवेदन करने का पहला और महत्वपूर्ण चरण होता है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की कार्यशालाएं विद्यार्थियों की आवेदन-पत्र लेखन क्षमता को निखारने में सहायक सिद्ध होती हैं। उन्होंने आगे कहा कि आत्मवृत्त के माध्यम से ही संभावित नियोक्ता उम्मीदवार की व्यक्तिगत प्रोफाइल को बेहतर तरीके से समझ पाता है। कार्यशाला में अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शैली मनन ने विद्यार्थियों को आत्मवृत्त तैयार करने की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने व्यक्तिगत विवरण, शैक्षिक योग्यता, कार्य-अनुभव सहित अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के गुर सिखाए। कार्यशाला के समापन पर विद्यार्थियों ने अपने-अपने आत्मवृत्त तैयार किए तथा नौकरी के लिए आवेदन प्रक्रिया को विस्तार से समझा। इस कार्यशाला में कुल 22 विद्यार्थियों ने भाग लिया। अंत में प्राचार्या द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

*फोटो :हरिभूमि*

### सर्वसम्मति से बाबू राम गुर्जर बने चेयरमैन, कार्यकारिणी का विस्तार

**शहजादपुर।** पी.डब्ल्यू.डी. मैकेनिकल वर्करज यूनियन की जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी शाखा नारायणगढ़ का त्रिवार्षिक चुनाव चुनाव राज्य उपप्रधान सरदार इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में में संपन्न हुआ। चुनाव सभा में सर्वसम्मति से युनियन चेयरमैन बाबू राम गुर्जर, गगनहेड़ी व प्रधान रणधीर सिंह गुर्जर, सचिव जरनैल सिंह व उप सचिव रविंद्र नगला, कोषाध्यक्ष मनीष सैनी, वरिष्ठ उप्रधान दर्शन राणा, उपप्रधान संजीव कुमार गुर्जर गगनेहड़ी व जय किशन, रामकुमार, आडिटर शिव कुमार, प्रेस सचिव संजीव कुमार व संगठन सचिव संजीव कुमार कड़ासन को चुना गया। इस मौके पर मनदीप सिंह, मुकेश कुमार, करण सिंह, पंकज राणा, जितेन्द्र सैनी, जसबीर राणा, संदीप सिंह सहित काफी संख्या में कर्मचारी मौजूद थे।



शहजादपुर। चयनित कार्यकारिणी शपथ लेते हुए।

## मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव ने वीसी के जरिए उपायुक्त को दिए जरूरी निर्देश

अंबाला में 1 लाख 14 हजार 722 एमटी गेहूं की खरीदी, 35147.2 का उठान

# किसानों को नहीं होनी चाहिए कोई भी दिक्कत बेहतर तरीके से गेहूं खरीद-लिफ्टिंग के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरूण कुमार गुप्ता ने वीसी के माध्यम से गेहूं खरीद कार्यो की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां गेहूं खरीद का कार्य सुचारू रूप से होना चाहिए वहीं लिफ्टिंग का कार्य भी तेजी से होना चाहिए। प्रधान सचिव ने उपायुक्त से गेहूं खरीद कार्य के साथ मंडियों में हुई आवक की भी जानकारी ली। इसके साथ-साथ उन्होंने यदि कहीं पर आगजनी की घटना हुई है तो उसकी रिपोर्ट भी राजस्व विभाग के माध्यम से मुख्यालय भिजवाने बारे कहा। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में गेहूं की आवक ज्यादा रहेगी। इसके लिए एजेंसियां व विभाग बेहतर तरीके से गेहूं खरीद व लिफ्टिंग के कार्य को करें। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने प्रधान सचिव अरूण गुप्ता को बताया कि जिले में गेहूं खरीद का कार्य सुचारू रूप से जारी है। बीते कल तक एजेंसियों द्वारा 1 लाख 14 हजार 722 मिट्रिक टन गेहूं खरीद हो चुकी है तथा इसके साथ 35147.2 लिफिटिंग भी हो चुकी है। बीते कल 10 हजार मीट्रिक टन लिफ्टिंग हुई थी।

आगामी दिनों में लिफ्टिंग का कार्य ओर बेहतर तरीके से होगा। इसके साथ-साथ किसानों को समयबद्ध तरीके से उनकी फसलों का भुगतान भी सीधा उनके खाते में किया जा रहा है। जिले में बारदाने की कोई कमी नही है। वीसी में जो दिशा-निर्देश मिले हैं उनकी अनुपालना के तहत गेहूं खरीद के कार्य के साथ-साथ लिफ्टिंग के कार्य में तेजी लाई जाएगी।



अंबाला। वीसी के दौरान मौजूद प्रशासनिक अधिकारी।

### ये रहे मौजूद

उपायुक्त ने अधिकारियों की बैठक लेते हुए सभी एसडीएम को कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मंडियों का जायजा लें। गेहूं खरीद कार्य की समीक्षा के साथ-साथ लिफ्टिंग के कार्य की भी मोनिटरिंग रखें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी तकनीकी कारण से पोर्टल बंद है तो ऐसी स्थिति में मैनुअल तरीके से कार्य करें और बाद में उसे नियमों की पालना अनुरूप पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी 10 दिनों में गेहूं की आवक मंडियों में ज्यादा रहेगी। इसलिए एजेंसियां बेहतर समन्वय बनाकर गेहूं खरीद का कार्य करना सुनिश्चित करें। लिफ्टिंग का कार्य भी निर्बाध रूप से होना चाहिए ताकि मंडियों में ओवर फ्लो न हों। उन्होंने यह भी कहा कि सभी कार्य बेहतर तरीके करने सुनिश्चित करने हैं।

बैठक में एडीसी विराट, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम कनिका गोयल, एसडीएम शिवजीत भारती, एसडीएम सतिंद्र सिवाच, मुख्य कार्यकारी अधिकारी पूजा, डीएफएससी निशांत राठी, डीएम हैफेड देवेंद्र सिंह, डिप्टी सीईओ राजन सिंगला भी मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005